## हिंदी विवि में 'एन्टी रैगिंग सप्ताह' का हुआ समापन
## विविध प्रतियोगिता एवं प्रदर्शन का हुआ आयोजन
# रैगिंग मुक्त परिसर के लिए प्रतिबद्ध : प्रो. सिंह

वर्धा, 21 अगस्त 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में 'एन्टी रैगिंग सप्ताह' मनाया गया। इस अवसर पर अपने संदेश में कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय उनके आदर्शों पर कार्य कर रहा है। ज्ञान, शांति, मैत्री का भाव प्रसारित करना विश्वविद्यालय का अहम दायित्व है। रैगिंग जैसी दुष्प्रवृत्ति जो विद्यार्थियों के स्वस्थ विकास में रूकावट पैदा करती है न पनपने पाए इसके लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है।

मंगलवार, 20 अगस्त को कुलानुशासक प्रो. बंशीधर पाण्डेय की अध्यक्षता में एन्टी रैगिंग : जागरूकता एवं सतर्कता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। प्रो. पाण्डेय ने कहा कि रैगिंग मुक्त भारत हमारा उद्घोष होना चाहिए। विश्वविद्यालय को




सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में सभी विद्यार्थियों को प्रयासरत होना चाहिए। 'एन्टी रैगिंग : विधिक नियमावली एवं धाराएं' विषय पर विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन तिवारी ने रैगिंग से संबंधित नियम एवं कानूनों की जानकारी दी। जनसंचार विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश लेहकपुरे ने रैगिंग मुक्त परिसर के लिए सामूहिक दायित्व एवं मिडिया की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

'एन्टी रैगिंग सप्ताह' के अंतर्गत पोस्टर, स्लोगन, लोगो, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। पोस्टर प्रतियोगिता में निरूपमा प्रधान ने प्रथम, पर्णिका जयते ने द्वितीय एवं रूचिता साहु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में यमुना गावित ने प्रथम, निरूपमा प्रधान ने द्वितीय एवं रूचिता साहु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोगो प्रतियोगिता में आकांक्षा रानी ने प्रथम, रूचिता साहु ने द्वितीय एवं पर्णिका जयते ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

'उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के रोकथाम के लिए बने हुए कानून: एक समीक्षा', 'उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के पीडितों की मनोदशा का आकलन' एवं 'उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग को रोकने में विद्यार्थियों की भूमिका' विषयों पर निबंध



प्रतियोगिता में सचिन कुमार, देवव्रत दुबे ने प्रथम, विवेक रंजन सिंह, हर्ष गुप्ता ने द्वितीय, पूजा तिवारी, आकाश वर्मा ने तृतीय स्थान तथा मानस प्रधानी, सूरज रावत एवं पर्णिका जपते ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे ने उपस्थितों को रैगिंग पर शपथ दिलायी। स्वागत भाषण अनुवाद एवं निर्वचन की सहायक प्रोफेसर डॉ. मीरा निचळे ने किया। कार्यक्रम का संचालन दर्शन एवं संस्कृति विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सूर्यप्रकाश पाण्डेय ने किया तथा मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय ने आभार माना।

इस अवसर पर डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. बालाजी चिरडे, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, डॉ. विधु खरे दास, डॉ. समरजीत यादव, डॉ. वरूण उपाध्याय, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, डॉ. वागीश राज शुक्ल, डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. मनोज तिवारी, डॉ. श्रीनिकेत मिश्र, डॉ. जीतेन्द्र, डॉ. युवराज खरे, मिथिलेश कुमार, हेमन्त दुबे, हेमा ठाकरे, मुशीर, सौरभ पाण्डेय आदि सहित बड़ी संख्या शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

| | | |
|---|---|---|
| ज्ञान शांति मैत्री | **महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**<br>(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)<br>**जनसंपर्क कार्यालय**<br>**PUBLIC RELATIONS OFFICE** | आज़ादी का अमृत महोत्सव |

**हिंदी विश्वविद्यालयात 'अँटी रॅगिंग सप्ताह'चा समारोप**

**विविध स्पर्धांचे आयोजन**

## रॅगिंगमुक्त परिसरासाठी कटिबद्ध : प्रो. सिंह

वर्धा, 21 ऑगस्ट 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात विद्यापीठ अनुदान आयोगाकडून प्राप्त मार्गदर्शक सूचना नुसार 'अँटी रॅगिंग सप्ताह' साजरा करण्यात आला. यावेळी आपल्या संदेशात कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह म्हणाले की महात्मा गांधींच्या नावाने स्थापन झालेले विश्वविद्यालय त्यांच्या आदर्शांवर काम करत आहे. ज्ञान, शांती आणि मैत्रीची भावना पसरवणे ही विश्वविद्यालयाची महत्त्वाची जबाबदारी आहे. विद्यार्थ्यांच्या सुदृढ विकासाला बाधा आणणारी रॅगिंगसारखी वाईट प्रवृत्ती फोफावू नये यासाठी विश्वविद्यालय कटिबद्ध आहे.

मंगळवार, 20 ऑगस्ट रोजी कुलानुशासक प्रो. बंशीधर पांडे यांच्या अध्यक्षतेत अँटी रॅगिंग : जनजागृती आणि दक्षता या विषयावर कार्यशाळा घेण्यात आली. प्रो. पांडे म्हणाले की रॅगिंगमुक्त भारत हा आमचा नारा असला पाहिजे. सर्व विद्यार्थ्यांनी विश्वविद्यालय सर्वोत्तम बनविण्यासाठी प्रयत्न केले पाहिजेत. 'अँटी रॅगिंग : नियम आणि कलमे' या विषयावर विधी विद्यापीठ चे अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन तिवारी यांनी रॅगिंगशी संबंधित नियम व कायद्यांची माहिती दिली. जनसंचार विभागाचे असोशिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश लेहकपुरे यांनी रॅगिंग मुक्त कॅम्पससाठी सामूहिक जबाबदारी आणि प्रसारमाध्यमांची भूमिका सविस्तरपणे अधोरेखित केली.

'अँटी रॅगिंग सप्ताह' अंतर्गत पोस्टर, घोषवाक्य, लोगो, निबंध स्पर्धा घेण्यात आली. पोस्टर स्पर्धेत निरुपमा प्रधान प्रथम, पर्णिका जयते द्वितीय आणि रुचिता साहू हिने तृतीय क्रमांक मिळविला. घोषवाक्य स्पर्धेत यमुना गावित प्रथम, निरुपमा प्रधान द्वितीय तर रुचिता साहू हिने तृतीय क्रमांक पटकाविला. लोगो स्पर्धेत आकांक्षा रानीने प्रथम, रुचिता साहुने द्वितीय तर पर्णिका जयतेने तृतीय क्रमांक पटकावला.

'उच्च शैक्षणिक संस्थांमधील रॅगिंग रोखण्यासाठी केलेले कायदे: एक समीक्षा', 'उच्च शैक्षणिक संस्थांमधील रॅगिंगला बळी पडलेल्यांच्या मानसिक स्थितीचे आकलन' आणि 'उच्च शैक्षणिक संस्थांमधील रॅगिंग रोखण्यासाठी विद्यार्थ्यांची भूमिका' या विषयांवर निबंध स्पर्धा घेण्यात आली. यात सचिन कुमार, देवव्रत दुबे यांना प्रथम, विवेक रंजन सिंह, हर्ष गुप्ता यांना द्वितीय, पूजा तिवारी, आकाश वर्मा यांना तृतीय क्रमांक आणि मानस प्रधानी, सूरज रावत आणि पर्णिका जयते यांना सांत्वना स्थान मिळाले.

यावेळी जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे यांनी उपस्थितांना रॅगिंगबाबत शपथ दिली. स्वागत भाषण सहायक प्रोफेसर डॉ. मीरा निचले यांनी केले. कार्यक्रमा चे संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. सूर्यप्रकाश पांडे यांनी केले तर मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय यांनी आभार मानले.

या प्रसंगी डॉ. उमेश कुमार सिंह डॉ. बालाजी चिरडे, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, डॉ. विधु खरे दास, डॉ. समरजीत यादव, डॉ. वरूण उपाध्याय, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, डॉ. वागीश राज शुक्ल, डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. मनोज तिवारी, डॉ. श्रीनिकेत मिश्र, डॉ. जीतेन्द्र, डॉ. युवराज खरे, मिथिलेश कुमार, हेमन्त दुबे, हेमा ठाकरे, मुशीर, सौरभ पांडे आदि सह मोठ्या संख्येने शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305